बिहार सरकार

# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम,लि0 पटना
## (बिहार सरकार का उपक्रम)
## राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–79/2017–18

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–800023

2. निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांकः 07.03.2018 के 15:00 बजे तक।
3. निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांकः 08.03.2018 के 15:00 बजे तक।

4. निविदा बिक्री का स्थान :–केवल वेवसाईट **www.eproc.bihar.gov.in** पर
5. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांकः 22.02.2018 को 11:00 बजे पूर्वाहन मुख्य महाप्रबंधक,बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–23

6.निविदा खोलने की तिथि एवं समय (टेकनीकल बीड) :–दिनांकः 09.03.2018 को 15.00 बजे।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय बीड) :–दिनांकः 17.03.2018 को 15.00 बजे।
8 निविदा वैद्यता की तिथिः– : – 120 दिन
9. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | जिला का नाम | कार्य स्थल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (₹ में ) | अग्रधन की राशि (₹ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (₹ में) | Bid Processing Fee | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) | उप महाप्रबंधक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | कैमूर | देवरी | कैमूर जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण कार्य, देवरी, कैमूर | ₹3,49,76,000.00 | ₹7,00,000.00 | ₹10,000/- | ₹17,700/- | 12 (बारह) | पटना |
| 1 | जमुई | बामदह | जमुई जिलान्तर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय बामदह जमुई के परिसर में 100 आसन वाले छात्रावास का निर्माण कार्य। | ₹3,32,97,000.00 | ₹6,66,000.00 | ₹10,000/- | ₹17,700/- | 12 (बारह) | मुंगेर |

10. कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित हों अथवा अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के हों, निविदा मे भाग ले सकते है परन्तु कार्य का लेटर आफ एक्सेप्टेंस प्राप्त होने के बाद भवन निर्माण विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधन कराना अनिवार्य होगा, ।

11. निर्माण के उपरान्त अगले पाँच वर्षों में भवन का रख–रखाव का कार्य की जिम्मेवारी संवेदक की होगी जिसके लिए एकरारनामा अवधि में पूरक कार्य के रूप में अलग से राशि का प्रावधान किया जायेगा जो संवेदक को मान्य होगा।

12. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (www.eproc.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगां। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी सहायता कक्ष, प्रथम तल्ला प्लॉट नं0–एम/22, रोड नं0–25 श्री कृष्णा नगर, बैक ऑफ इंडिया कम्पाउण्ड,पटना–800001 पटना दूरभाष संख्या 9939035696, 0612–2523006 से प्राप्त किया जा सकता है।
13. ई–निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदकों को ई–प्रोक्योरमेंट के साथ निबंधन कराना होगा। वेवसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें user id तथा password मिलेगा। संवेदकों को DSC (Digital Signature Certificates)भी प्राप्त करना होगा। user id, password, DSCएवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक ई–निविदा में भाग ले सकेंगे।
14. निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाइट पर ही, निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सुनिश्चित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों को एवं आवश्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा संम्बंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि–पत्र की जानकारी बेवसाईट से प्राप्त होगी।
15. संबंधित कार्य के निविदा कागजात का मूल्य, (न लौटाने योग्य), किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में, संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, (कॉलम–10 के अनुसार) के नाम से भुगतेय होना चाहिए। मूल बैंक ड्राफ्ट, संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना अथवा मुख्य महाप्रबंधक,

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के कार्यालय में निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय के पूर्व जमा करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

16. Bid processing fee + Service Tax (कॉलम–08) का भुगतान संवेदक Internet Payment Gateway (Credit/ Debit Cards) अथवा Internet Banking अथवा NEFT/ RTGS Challan के माध्यम से BSEDC के Bid Processing Fee Account में Credit करेंगे। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगी। यह फीस निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा किया जाना अनिवार्य है।

17. अग्रधन की राशि संबंधित उप महाप्रबन्धक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 (कॉलम–10 के अनुसार) के नाम से विधिवत प्रतिज्ञिप्त (प्लेज्ड) एवं निविदा प्राप्ति की तिथि से कम से कम छह महीनो के लिए विधिमान्य, (1) बिहार राज्य के अंदर निर्गत, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र अथवा (2) डाकघर 3/5 वर्षीय सावधि जमा/बैंक गारंटी के रूप में होना चाहिए। अग्रधन की राशि, मूल रूप में, संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 (कॉलम–10 के अनुसार), महाप्रबन्धक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना अथवा मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के कार्यालय में, निविदा खोलने की तिथि एवं समय पूर्व जमा करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

18. वेवसाईट पर टेन्डर फ्री भ्यू में निविदा प्रपत्र उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र में दर्शाए गये स्वरूप में ही अग्रधन की राशि स्वीकार्य होगी।

19. कार्य की पूर्ण जानकारी के लिए संबंधित उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0/महाप्रबंधक (मुख्यालय/दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम,लि0 पटना अथवा मुख्य महाप्रबंधक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम,लि0 से किसी कार्य दिवस के कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

20. बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।

21. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

22. कार्यावंटन के पश्चात् बिहार सरकार द्वारा जारी संकल्प एवं परिपत्रों में दिये गये निर्देशों का निर्माण कार्य में पालन करना अनिवार्य होगा।

23. वित्तीय बीड में प्राक्कलित राशि से 10% (दस प्रतिशत) से ज्यादा कम दर अंकित करने पर निविदा अमान्य होगी।

24. यह निविदा एस0बी0डी0 में निहित प्रावधानों के अनुरूप है।

25. निविदा में एस0बी0डी0 की कंडिका **2A** विलोपित समझा जाए ।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।

ज्ञापांकः– दिनांकः

प्रतिलिपिः– निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को **e-advertisement** के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित ।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।

ज्ञापांकः– 341 दिनांकः 07.02.18

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (मुख्यालय/ दक्षिण/महाप्रबंधक (वित्त)/उप महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना एवं मुंगेर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7-02-18

**मुख्य महाप्रबंधक,**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।